भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. +4264

सोमवार, 22 मार्च, 2021/1 चैत्र, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**होटल वर्गीकरण से संबंधित जांच**

**+4264. कुमारी राम्या हरिदासः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या होटल वर्गीकरण से संबंधित भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर अधिकारियों के विरुद्ध चल रहे मामले जांचाधीन हैं;

(ख) यदि हां, तो केरल में हाल ही में हुए होटल वर्गीकरण घोटाले में शामिल ऐसे अधिकारी जिनके विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल किया गया है और जो चैन्ने में तैनात हैं, के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार वर्गीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए किसी अन्य प्रणाली पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) और (ख): सीबीआई, भ्रष्टाचार निरोधी ब्यूरो, मदुरै ने भारतपर्यटन कार्यालय चेन्नै के कुछ अधिकारियों के विरुद्ध नवंबर तथा दिसंबर 2020 में एफआईआर दर्ज की थी। उक्त अधिकारी वर्तमान में निलंबित हैं।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय इस प्रणाली के संपूर्ण डिजिटलीकरण, वर्गीकरण संबंधी प्रक्रिया को सरल एवं कारगर बनाने और उसे अधिक निष्पक्ष, पारदर्शी तथा समयबद्ध बनाने के लिए मौजूदा प्रणाली को नए सिरे से बना रहा है।

*******